<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Compensation to farmers who suffered damage to their crops caused by stray and wild animals in Uttar Pradesh -laid.

श्री तेज प्रताप सिंह यादव (मैनपुरी): उत्तर प्रदेश के किसानों को आवारा पशुओं एवं जगली जानवरों की बहुत बड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा है। ये जानवर हमारे किसानों की खेती को बर्बाद कर रहे हैं। छोटे किसान इस वजह से इस समस्या के चलते कर्ज व भुखमरी की ओर अग्रसर हैं। उत्तर प्रदेश में गौवंशों की। समस्या आगरा के एक किसान की मौत का कारण बन गयी है।

इटावा, मैनपुरी समेत पूरे उत्तर प्रदेश में गौवंशों से हुए फसलों के नुकसान से परेशान किसानों द्वारा स्कूल एवं अस्पताल में बंद किए जाने की खबरे हैं। इस समस्या की ओर प्रदेश सरकार का कोई ध्यान नहीं है और यदि किसान फसल की सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाते हैं। तो पुलिस मुकदमा दर्ज करने की धमकी देती है। किसान कड़ाके की ठण्ड में रात भर जागकर अपनी फसल की सुरक्षा के लिए मजबूर है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि आवारा पशुओं एवं जगली जानवरों द्वारा नष्ट हुई फसलों के लिए उत्तर प्रदेश के किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।